## एक नजर में

### पशुपतिनाथ मंदिर में 19 मार्च को होगा सूर्य उपासना कार्यक्रम



**मंदसौर।** विक्रम संवत् 2083 के शुभारंभ के अवसर पर 19 मार्च 2026 को प्रात: 10 बजे सूर्य उपासना कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। यह कार्यक्रम मंदसौर स्थित पशुपतिनाथ मंदिर में आयोजित होगा। कार्यक्रम के दौरान संस्कृति विभाग मध्यप्रदेश तथा मध्यप्रदेश नाट्य विद्यालय के सहयोग से सम्राट विक्रमादित्य विषय पर नाट्य प्रस्तुति का मंचन किया जाएगा। इस नाट्य प्रस्तुति के माध्यम से भारतीय संस्कृति, परंपरा और विक्रम संवत् के महत्व को दर्शाया जाएगा। इसके साथ ही कार्यक्रम के दौरान भारत का नववर्ष विक्रम संवत्सर विषयक पुस्तिका भी उपस्थित नागरिकों को अध्ययन हेतु उपलब्ध कराई जाएगी, जिससे लोग भारतीय नववर्ष की परंपरा और ऐतिहासिक महत्व से परिचित हो सकें। विक्रम संवत् नववर्ष के उपलक्ष्य में जिले के प्रमुख मंदिरों एवं महत्वपूर्ण स्थलों पर ब्रह्मध्वज भी स्थापित किए जाएंगे। इस अवसर पर जनप्रतिनिधि, अधिकारीगण एवं बड़ी संख्या में श्रद्धालुजन उपस्थित रहेंगे।

### पानी सप्लायर पीएचई की अनुमति के बाद ही करेंगे सप्लाई : कलेक्टर अदिती गर्ग



**मंदसौर।** कलेक्टर अदिती गर्ग की अध्यक्षता में सुशासन भवन स्थित सभागार में साप्ताहिक अंतर विभागीय समीक्षा बैठक आयोजित हुई। बैठक में विभिन्न विभागों की योजनाओं और व्यवस्थाओं की समीक्षा करते हुए आवश्यक निर्देश दिए गए। कलेक्टर ने निर्देश दिए कि जिले में निजी पानी सप्लायर अब पीएचई विभाग की अनुमति के बाद ही पानी सप्लाई कर सकेंगे। पानी की गुणवत्ता जांच के बिना सप्लाई करने पर संबंधित के खिलाफ एफआईआर दर्ज की जाएगी। सभी एसडीएम को पानी सप्लायरों की बैठक लेकर नियमों का पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। गर्मी को देखते हुए पेयजल व्यवस्था दुरुस्त रखने के लिए नगरीय निकायों और जनपद पंचायतों को पूर्व योजना बनाने, नई बसाहटों में पानी कनेक्शन उपलब्ध कराने तथा टैंकर व्यवस्था, जल टंकियों व जल स्रोतों की नियमित सफाई सुनिश्चित करने को कहा गया। जल स्रोतों की जीआईएस मैपिंग करने के निर्देश भी दिए गए। बैठक में बताया गया कि समर्थन मूल्य पर गेहूं खरीदी 1 अप्रैल से शुरू होगी, जिसके लिए उपार्जन केंद्रों पर बारदान की उपलब्धता सुनिश्चित करने और संबंधित अधिकारियों को प्रशिक्षण देने के निर्देश दिए गए। स्वच्छता सर्वेक्षण की तैयारियों के तहत प्रत्येक ब्लॉक में 4ङ्क5 मॉडल गांव विकसित करने और घर-घर कचरा संग्रहण व्यवस्था मजबूत करने के निर्देश दिए गए। सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों के त्वरित निराकरण तथा ओपीडी में अनुपस्थित रहने वाले डॉक्टरों के खिलाफ कार्रवाई करने के भी निर्देश दिए गए। बैठक के अंत में उत्कृष्ट कार्य करने वाले स्वास्थ्य कर्मियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। बैठक में अपर कलेक्टर एकता जायसवाल, सीईओ जिला पंचायत अनुकूल जैन सहित विभिन्न विभागों के जिला अधिकारी उपस्थित रहे।

## वक्ताओं ने कहा- शिक्षक हित ही संघ का मुख्य उद्देश्य

- नियुक्ति दिनांक से वरिष्ठता-TET परीक्षा सहित विभिन्न मुद्दों पर हुई चर्चा, मंदसौर में मध्यप्रदेश शिक्षक संघ की संभागीय बैठक



**मंदसौर। मध्य प्रदेश शिक्षक संघ की उज्जैन संभाग की संभागीय बैठक मंदसौर में आयोजित की गई। बैठक प्रांतीय संगठन मंत्री हिम्मतसिंह जैन, प्रांतीय कोषाध्यक्ष विनोद पुनी तथा संभागीय अध्यक्ष शंकरलाल आंजना के मार्गदर्शन में संपन्न हुई।**

बैठक में संभागीय संगठन मंत्री उदल सिंह परमार, प्रांतीय सह संगठन मंत्री राजीव शर्मा तथा प्रांतीय सह मीडिया प्रभारी रामचंद्र लोहार विशेष रूप से उपस्थित रहे। बैठक के दौरान रतलाम में आयोजित पिछली संभागीय बैठक में लिए गए निर्णयों और बिंदुओं की विस्तृत समीक्षा की गई।

बैठक में संगठन के मूल उद्देश्य शिक्षा हित, छात्र हित और राष्ट्र हित को सर्वोपरि रखते हुए शिक्षकों की विभिन्न समस्याओं पर गंभीरता से चर्चा की गई। इस अवसर पर प्रांतीय कोषाध्यक्ष विनोद पुनी ने नियुक्ति दिनांक से वरिष्ठता निर्धारण और परीक्षा जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से प्रकाश डाला। साथ ही संभाग के प्रत्येक जिले में आयोजित कर्तव्य बोध कार्यक्रम, 1 सितंबर को आयोजित 'हमारा विद्यालय हमारा स्वाभिमान' कार्यक्रम, प्राचार्य संवाद एवं धन्यवाद प्रस्ताव जैसे आयोजनों की समीक्षा की गई। बैठक में प्रत्येक जिले में संगठनात्मक मजबूती के लिए मंडल रचना की स्थिति पर भी चर्चा की गई। आगामी कार्यक्रमों के अंतर्गत नववर्ष प्रतिपदा (गुड़ी पड़वा) का आयोजन प्रत्येक जिले में छोटे-छोटे समूह बनाकर अधिकाधिक स्थानों पर करने पर सहमति बनी, जिससे संगठन की गतिविधियों और विचारों को जनमानस तक प्रभावी ढंग से पहुंचाया जा सके। वक्ताओं ने अपने उद्बोधन में कहा कि मध्य प्रदेश शिक्षक संघ एक अनुशासित संगठन है, जो शिक्षकों की समस्याओं को मजबूती से उठाने के साथ-साथ राष्ट्र जागरण, सामाजिक समरसता एवं पर्यावरण संरक्षण जैसे सामाजिक कार्यों में भी सक्रिय भूमिका निभाता है। बैठक में उज्जैन संभाग के अंतर्गत आने वाले सभी जिलों—मंदसौर, नीमच, रतलाम, उज्जैन, देवास, शाजापुर और आगर से अपेक्षित पदाधिकारी उपस्थित रहे। बैठक के द्वितीय सत्र के पश्चात होली मिलन समारोह एवं सहभोज का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का सफल संचालन मध्य प्रदेश शिक्षक संघ जिला शाखा मंदसौर के जिला सचिव भरतलाल पोपंडिया द्वारा किया गया। अंत में नीमच जिला कोषाध्यक्ष बलवंत हाड़ा द्वारा कल्याण मंत्र प्रस्तुत किया।

## नगर पालिका बजट को लेकर नहीं है कोई हलचल... आमजनों की बैठक बुलाकर बजट के तय करें बिंदु

- पार्षद बंसल ने उठाया मुद्दा

**मंदसौर। वार्षिक बजट पेश करने का समय चल रहा है, लेकिन 500 करोड़ की बजट के अभी तक कोई तैयारी नगर पालिका ने नहीं की है।**

यह बात समाजसेवी पार्षद सुनील बंसल ने एक वक्तव्य में कही है। उन्होंने कहा कि नगर पालिका का बजट का प्रावधान है मध्य प्रदेश की अनेक नगर पालिकाओं के बजट पारित हो चुके हैं उनको पारित हुए बहुत समय हो गया परंतु मंदसौर नगर पालिका के बजट के लिए प्राथमिक तौर पर कोई हलचल न नगर पालिका अधिकारियों में दिखाई दे रही है ना ही कर्मचारी इस कार्य में संलग्न दिख रहे हैं।

बंसल ने कहा कि सर्वप्रथम बजट का कच्चा एजेंडा तैयार कर पी आई सी में प्रस्तुत किया जाता है। फिर परिषद के लिए भेजा जाता है देखने में आया है की पी आई सी की मीटिंग भी अभी बजट को लेकर कॉल नहीं हुई है। इस मीटिंग के लिए 3 दिन पहले सूचना देना अनिवार्य है अगर हम आज से भी मान लें तो तीन दिन तो यह बैठक के बाद उसको लिखना और परिषद के लिए भेजना लगभग 12 दिन का प्रोसेस है देखने में आज 16 तारीख हो चुकी है और 31 मार्च तक बजट पेश करना अनिवार्य है ऐसा लगता है कि नगर पालिका बिना कारण के पूरी परिषद को गुमराह कर कर रही है।

बंसल ने कहा कि अगर सही माईने में नगरपालिका को बजट पेश करना है तो एक बड़ी मीटिंग मंदसौर शहर के समस्त जनप्रतिनिधियों की राजनीतिक सामाजिक दलों की मिलकर बुलाए बजट में हमें क्या प्रावधान करना चाहिए जिससे मंदसौर का समुचित विकास तेजी से हो सके परंतु ऐसी कोई इच्छा शक्ति इस नगर पालिका परिषद मंदसौर के अधिकारियों कर्मचारियों व नेताओं में नहीं दिख रही है। वही घिसा पिटा ढर्रा है। पंडित बसंतीलाल गजा महाराज परिसर से आज गांधी धर्मशाला ओर नगर पालिका कॉलोनी से आय यही तीन बड़े-बड़े मुद्दे उसमें जो पिछले 15 सालों से नगर पालिका ला रही है। इस दिशा में कोई पहल नहीं की गई।



## गुजराती बलाई समाज संघठन के प्रदेश अध्यक्ष बने कमलेश परमार

**तितरोद।** राष्ट्रीय गुजराती बलाई समाज संघठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष बालूसिंह वाणिया का तितरोद आगमन होने पर भव्य स्वागत किया गया। संघठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष व मध्यप्रदेश के नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष कमलेश परमार का स्वागत एवं सम्मान उनके निज निवास तितरोद में शुभकामनाएं देने हेतु राष्ट्रीय कार्यकारिणी की टीम के प्रमुख सदस्यो सहित हुवा। इस पर राष्ट्रीय उपाध्यक्ष मांगीलाल राठौर, संगठन मंत्री अनोखीलाल सोलंकी, कोषाध्यक्ष रामचन्द्र वाघेला, प्रचार मंत्री हरिराम परमार, सह संगठन मंत्री बगदीराम परमार, नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष कमलेश परमार, नवनियुक्त उपाध्यक्ष विनोद वर्मा, सचिव बी. एल.सोलंकी, मीडिया प्रभारी प्रेमराज परमार, रतलाम जिला प्रभारी राधेश्याम मकवाना, मंदसौर जिला अध्यक्ष घनश्याम धाणक, उपाध्यक्ष रतनलाल परमार, सचिव मोहनलाल वाघेला, विष्णु परमार, महामंत्री विनोद पारखी, कोषाध्यक्ष जगदीश सोलंकी, मांगीलाल पितावजा, राधेश्याम सोलंकी, सीतामऊ तहसील अध्यक्ष मोहनलाल खरव?, श्यामलाल चौहान, नवीन पितावजा, फकीरचंद परमार, राजू मकवाना, शिवनारायण सोलंकी सहित बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित थे।

**एक नजर** | जाट समाज का होली मिलन समारोह

## सामाजिक विकास और कुरीतियों को मिटाने पर किया मंथन



**मंदसौर। स्थानीय बुगलिया मांगलिक भवन में जाट समाज मंदसौर द्वारा प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी होली मिलन समारोह का गरिमामय आयोजन किया गया। समाज के अध्यक्ष शंकरलाल जाट की अध्यक्षता में आयोजित इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में स्वजातीय बंधु शामिल हुए, जहाँ एक-दूसरे को रंग-गुलाल लगाकर पर्व की बधाई दी गई। उत्सव के साथ-साथ समाज के सर्वांगीण विकास और भविष्य की योजनाओं को लेकर भी महत्वपूर्ण चर्चा की गई।**

समाज सचिव मनोज चौधरी ने जानकारी देते हुए बताया कि बैठक के दौरान समाज के उत्थान हेतु कई अहम निर्णय लिए गए। इसमें मुख्य रूप से बच्चों की बेहतर शिक्षा के लिए ठोस रणनीति बनाने और जिला स्तर पर एक सर्वसुविधायुक्त छात्रावास निर्माण के संकल्प पर विचार-विमर्श किया गया। सामाजिक कुरीतियों पर प्रहार करते हुए मृत्यु भोज के विषय में गंभीर चर्चा हुई और सामूहिक विवाह सम्मेलनों को ब?ावा देने की बात कही गई ताकि फिजूलखर्ची पर लगाम लग सके। इसके अलावा युवाओं के रोजगार और करियर मार्गदर्शन पर भी बल दिया गया।

सांस्कृतिक एवं धार्मिक पहचान को सुदृ? करने हेतु समाज ने निर्णय लिया कि मंदसौर नगर के प्रमुख प्रवेश द्वारों पर जाट समाज के धार्मिक आयोजनों के दौरान भव्य स्वागत द्वार लगाए जाएंगे। साथ ही, आगामी तेजा दशमी के अवसर पर जिला स्तर पर एक विशाल चल समारोह (जुलूस) निकालने पर भी सहमति बनी।

इस गरिमामय अवसर पर समाज के उपाध्यक्ष संजय नैन, कोषाध्यक्ष रमेशचंद्र जाट, सहसचिव ओमप्रकाश जाट और संरक्षक अर्जुन जाट विशेष रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम में वरिष्ठ सदस्य जीतू पोरस, कवरलाल जाट, तेजपाल चौधरी, रोहित चौधरी, राधेश्याम जाट नाटाराम सहित समाज के कई गणमान्य नागरिक मौजूद थे। अंत में सचिव मनोज चौधरी ने सभी का आभार व्यक्त किया।

# नीमच

## एक नजर में

### मां शीतला माता मंदिर के 10 वर्ष पूर्ण होने पर 22 मार्च को निकलेगी भव्य चुंदड़ी यात्रा




**नीमच।** इंदिरा नगर के पास गणपति नगर व त्रिमूर्ति नगर के बीच खेल मैदान में स्थित मां शीतला माता जी मंदिर की स्थापना के 10 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में 22 मार्च को दोपहर 3 .30 बजे से भव्य चुंदड़ी यात्रा निकाली जाएगी। जानकारी देते हुए मां नव दुर्गा महिला मंडल की अध्यक्ष श्रीमती पुष्पा सिसोदिया एवं सचिव बेला सोनी ने बताया कि इस अवसर पर बैंड-बाजों, ढोल-ढमाकों और माता जी के सुंदर भजनों के साथ श्रद्धा व उत्साह से भरी भव्य चुंदड़ी यात्रा निकाली जाएगी। यात्रा मां शीतला माता जी मंदिर (गैस गोदाम खेल मैदान) से प्रारंभ होकर इंदिरा नगर के विभिन्न मार्गों से होते हुए पुन: मंदिर परिसर पहुंचेगी। जहां विधि-विधान के साथ मां शीतला माता जी को चुनरी अर्पित की जाएगी और विशेष पूजा-अर्चना की जाएगी।

### मुख्यमंत्री बाल हृदय योजना बनी वरदान



**नीमच।** कलेक्टर हिमांशु चन्द्रा के निर्देशानुसार राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम अन्तर्गत जन्मजात रोगों से ग्रसित वंचित बच्चों के उपचार हेतु जिले में गहन सर्वे करवाया गया है। सर्वे में मनासा ब्लाक के धाकडखेडी गाव की बेटी दिव्या को आरबीएसके की टीम ने जांच में पाया कि बच्ची के दिल में छेद हैं। आरबीएसके टीम की डॉ स्वाती जैन ने गांव जाकर,जांच कर उपचार हेतु परामर्श दिया एवं जिला चिकित्सालय नीमच रेफर किया। दिव्या पिता मुकेश निवासी ग्राम धाकडखेडी तहसील मनासा उम्र 10 वर्ष की मुख्यमंत्री बाल हदय उपचार योजनान्तर्गत इन्दौर स्थित मान्यताप्राप्त निजि चिकित्सालय में नि :शुल्क सफल सर्जरी करवाई। जिस पर परिजन का कोई खर्चा नही हुआ। सर्जरी के पश्चात बच्ची पूरी तरह से स्वस्थ हैं एवं बच्ची के परिजन खुश हैं। के जिला प्रशासन का धन्यवाद दे रहे है। राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम अन्तर्गत 0 से 18 वर्ष के भी बच्चों की जन्मजात विकृतियों की सर्जरी मान्यताप्राप्त निजी एवं शासकीय अस्पतालो में नि :शुल्क कराई जा रही है।

### मार्च- अप्रैल का एक साथ राशन प्राप्त करें

**नीमच।** राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम 2013 अंतर्गत पात्र परिवारों को शासन द्वारा मार्च व अप्रैल 2026 माह की राशन सामग्री एकसाथ वितरित कराई जा रही हैं। माह मार्च व अप्रैल2026 की राशन सामग्री का 15 अप्रैल 2026 तक वितरण किया जाना हैं। इसके लिए हितग्राही उचित मूल्य दुकानों पर लगाई गई पीओएस मशीन से एक बार मार्च माह के लिए तथा दूसरी बार अप्रैल माह के लिए इस प्रकार कुल 02 बार मशीन पर अपना अगूंठा लगाकर बायोमेट्रिक सत्यापन करना होगा। दो बार अगूंठा लगाने के बाद उचित मूल्य दुकान के विक्रेता द्वारा हितग्राही को दोनों माहों की राशन सामग्री एकसाथ दी जावेगी।

## बिल्लम बावजी के दरबार में शादी के लिए घंटों लाइन में लगे रहे युवक

- हाथ जोड़कर बोले- जल्दी दुल्हन दिला दो
- धानमंडी में अलग ही नजारा देखने मिल रहा, हर साल आते हैं हजारों कुंवारे




**नीमच। जिले के जावद नगर की पुरानी धानमंडी में एक अलग ही नजारा देखने मिल रहा है। यहां शादी योग्य युवतियों की भीड़ है। ये वे लोग हैं जो चाहते हैं कि उनकी शादी जल्द से जल्द हो जाएं। यहां आए हजारों विवाह योग्य युवक-युवतियों के आने की एक खास वजह भी है। दरअसल, पुरानी धानमंडी में बिल्लम बावजी के दरबार है। ऐसी मान्यता है कि यहां शादी मन्नत मांगने वालों की शादी जल्दी हो जाती है। लोगों के आने का सिलसिला सुबह से जारी है। यहां वे लोग भी आ रहे हैं जिन्होंने बीते साल मन्नत मांगी, और उनकी शादी हो गई।**

सुबह चार बजे से लगी कतार

सोमवार को तड़के सुबह 4 बजे से ही श्रद्धालुओं का आना शुरू हो गया था। पूरे दिन धानमंडी और सर्राफा बाजार क्षेत्र में भक्तों की लंबी कतारें लगी रहीं। श्रद्धालु कतार में खड़े होकर श्रद्धा और विश्वास के साथ बिल्लम बावजी के दर्शन करते दिखे। कई श्रद्धालु अपने परिवारजनों के साथ यहां पहुंचे और पूजा-अर्चना कर मनोकामना पूर्ण होने की प्रार्थना की।

**क्या है मान्यता**-बिल्लम बावजी के प्रति लोगों की गहरी आस्था है। मान्यता है कि यहां सच्चे मन से मन्नत मांगने पर शीघ्र विवाह के योग बनते हैं। यही कारण है कि बड़ी संख्या में युवक-युवतियां यहां आकर अपनी मनोकामना व्यक्त करती हैं। मन्नत पूरी होने पर श्रद्धालु अपने जीवनसाथी के साथ दोबारा यहां आकर बावजी के दर्शन कर आभार व्यक्त करते हैं। परंपरा के अनुसार, बिल्लम बावजी की स्थापना रंग पंचमी के दिन की जाती है। रंग तेरस के दिन उन्हें नगर भ्रमण के बाद पुन: निर्धारित स्थान पर विराजित किया जाता है।

> **क्या कहते हैं लोग**
>
> नवविवाहित दंपति विनायक चौबे (गुनेल), विक्रम मेनारिया (राजस्थान) और योगेश गोस्वामी ने बताया कि वे लंबे समय से विवाह को लेकर चिंतित थे। पिछले वर्ष उन्होंने बिल्लम बावजी के दरबार में शीघ्र विवाह की मन्नत मांगी थी, जो अब पूरी हो गई है। वे अपने जीवनसाथी के साथ यहां दर्शन करने पहुंचे हैं। व्यापारी अशोक अग्रवाल, नरेंद्र सोलीवाल, नवीन पुरोहित, रिंकू गोयल और पीयूष सोलीवाल ने बताया कि इस वर्ष श्रद्धालुओं की संख्या पिछले वर्ष की तुलना में अधिक है। दूर-दराज के जिलों के साथ-साथ अन्य राज्यों से भी युवक-युवतियां यहां विवाह की मन्नत मांगने पहुंच रहे हैं।



## पर्यावरण मित्रों ने विश्व संकल्प पर्यावरण वाटिका में किया दो घंटे श्रमदान

**नीमच।** आओ मिलकर पेड़ लगाए धरती को फिर स्वर्ग बनाएं के उद्देश्य को लेकर संकल्प पर्यावरण मित्र संस्था निरन्तर अभियान चला कर जिले भर में पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देने के साथ ही चहुंओर हरियाली की चादर बिछाने में लगी है, संस्था सदस्यों ने विगत वर्ष हवाई अड्डा झांझरवाडा मार्ग स्थित विश्व संकल्प पर्यावरण वाटिका परिसर में 60 से अधिक विभिन्न प्रजातियों के फलदार छायादार फुलदार ओषधि युक्त पोंधे रोपित किए गए थे जिनकी वृक्ष बनने तक नियमित देखभाल कर संस्था सदस्य पेड़ बनाने हेतु संकल्पित है, संस्था सदस्यों ने अब तक 60 हजार से अधिक पोंधे रोपित कर पेड़ बनाने का काम किया है, अभियान के तहत संस्था सदस्यों ने रविवार दिनांक 15 मार्च को प्रात: 8 से 10 बजे तक वाटिका परिसर में रोपित पोधो की सुरक्षा हेतु आसपास से कटिंली झाड़ियों की साफ-सफाई के साथ पानी की ड्रीप एवं पाइप लाइन की सुरक्षा हेतु आसपास से घास की सफाई की गई 2 घंटे चले अभियान में संस्था संरक्षक इंजिंनियर नवीन कुमार अग्रवाल, अध्यक्ष किशोर बागड़ी, सचिव दुलीचंद कनेरिया, उपाध्यक्ष राजकुमार सिन्हा आदि ने श्रमदान कर सहभागिता निभाई।

**एक नजर** | एसपी से शिकायत करने पहुंचे पीड़ित

## डासिया में दलित परिवार पर हमला, पुलिस ने नहीं लिया एक्शन



**नीमच।** जिले के ग्राम डासिया में एक दलित परिवार पर हमला हुआ है। खेत से चने उखाड़ने के विवाद में हुए इस हमले में प्रेमचंद, उनकी पत्नी मोहन बाई और पुत्री नीतू गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस की कथित लापरवाही से असंतुष्ट पीड़ित परिवार सोमवार दोपहर न्याय की गुहार लेकर पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचा।

पीड़ित परिवार ने पुलिस अधीक्षक को एक शिकायती आवेदन सौंपा। इसमें बताया गया कि 15 मार्च को गांव के मोहनसिंह और बाबुसिंह ने अपने अन्य साथियों के साथ मिलकर परिवार पर लाठी-डंडों से हमला कर दिया। इस हमले में प्रेमचंद, मोहन बाई और नीतू को गंभीर चोटें आईं।

पीड़ित भैरूलाल मोगिया ने आरोप लगाया कि विवाद की शुरुआत 26 फरवरी को हुई थी। उस दिन मोहनसिंह और बाबुसिंह ने उनके घर में घुसकर बहन नीतू के साथ मारपीट की और जातिसूचक गालियां दी थीं।

परिजनों का कहना है कि उन्होंने उस समय अजाक थाने और सिटी थाने में शिकायत दर्ज कराने की कोशिश की थी। हालांकि, पुलिस ने उनकी शिकायत पर एफआईआर दर्ज नहीं की। इसी रंजिश के चलते 15 मार्च को यह हमला हुआ।

पीड़ित परिवार ने अब एसपी से आरोपियों के खिलाफ एससी-एसटी एक्ट के तहत कठोर कार्रवाई की मांग की है। उन्होंने परिवार को सुरक्षा प्रदान करने की भी गुहार लगाई है। इसके साथ ही, अजाक थाना प्रभारी की भूमिका की जांच की मांग की गई है, ताकि प्रारंभिक शिकायत के बाद भी कार्रवाई न होने का कारण स्पष्ट हो सके।

सिटी थाना प्रभारी पुष्पा चौहान ने बताया कि प्रेमचंद पिता दौलतराम बावरी की शिकायत पर एफआईआर दर्ज कर ली गई है। मोहन सिंह पिता बाबू सिंह राजपूत और अर्जित सिंह पिता मोहनसिंह के खिलाफ मारपीट, गाली-गलौज और जान से मारने की धमकी की धाराओं में प्रकरण दर्ज किया गया है। आगे की कार्रवाई जारी है।